क्रमांक-3

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## बुधवार, दिनांक 2 जुलाई, 2014 (11 आषाढ़, शक सम्वत् 1936)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10 : 33 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 1. अध्यक्षीय व्यवस्था

**व्यापम (व्यावसायिक परीक्षा मण्डल) संबंधी स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की मांग विषयक**

श्री सत्यदेव कटारे, नेता प्रतिपक्ष द्वारा व्यावसायिक परीक्षा मण्डल सम्बन्धी दी गई सूचनाओं पर चर्चा की मांग की गई.

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री द्वारा इस स्थगन प्रस्ताव को तत्काल ग्राह्य कर आज ही चर्चा कराने हेतु सहमति व्यक्त की गई.

अध्यक्ष महोदय द्वारा यह व्यवस्था दी गई कि – "यद्यपि यह विषय पुराना है और इस पर पहले भी प्रश्न आ चुके हैं. यह मामला सब ज्युडिस भी है और ऐसे मामले स्थगन में नहीं लिए जाते हैं जिन पर प्रश्नकाल में एवं गत सत्र में भी चर्चा की जा चुकी है. किन्तु, माननीय प्रतिपक्ष के नेता एवं सदस्यों की भावनाओं को देखते हुए और माननीय सदन के नेता (माननीय मुख्यमंत्री) की सहमति से इस विषय पर स्थगन ग्राह्य कर तत्काल चर्चा प्रारम्भ की जाए."

### 2. स्थगन प्रस्ताव

**व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा चयन परीक्षाओं में अनियमितता की जाना**

प्रदेश के कई जिलों में व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न चयन परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितता किये जाने संबंधी स्थगन प्रस्ताव की सूचना को ग्राह्य कर अध्यक्ष महोदय द्वारा पढ़ा गया तथा तत्काल प्रारंभ की गई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

(1) श्री कमलेश्वर पटेल
(2) डॉ. गौरीशंकर शेजवार, वन मंत्री
(3) श्री रामनिवास रावत,
(4) श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री
(5) श्री निशंक कुमार जैन
(6) श्री भूपेन्द्र सिंह, परिवहन मंत्री
(7) श्री जितू पटवारी
(8) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया

**(अपराह्न 1.00 से 2.38 बजे तक अन्तराल)**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

(9) श्री गोपाल भार्गव, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री
(10) श्री मुकेश नायक

(11) कुंवर विक्रम सिंह
(12) श्री विश्वास सारंग
(13) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा
(14) श्री रामपाल सिंह, राजस्व मंत्री
(15) डॉ. गोविन्द सिंह
(16) श्री शैलेन्द्र जैन
(17) श्री बाला बच्चन
(18) श्री सुन्दरलाल तिवारी
(19) श्री सत्यप्रकाश सखवार
(20) श्री सत्यदेव कटारे, नेता प्रतिपक्ष
(21) श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री
**(भाषण अपूर्ण)**

इण्डियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री महोदय के भाषण के दौरान अनेक बार व्यवधान उत्पन्न करने पर अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुरोध किया गया कि श्री सत्यदेव कटारे, नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के माननीय सदस्यगण को मुख्यमंत्री महोदय का स्थगन प्रस्ताव पर हुई चर्चा का उत्तर शांतिपूर्वक सुनना चाहिए.

**उपाध्यक्ष महोदय (डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह) पीठासीन हुए.**

इण्डियन नेशनल कांग्रेस के अनेक सदस्यों द्वारा इस प्रकरण की सी.बी.आई. जांच की मांग करते हुए गर्भगृह में धरना दिया गया एवं नारेबाजी की गई.

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

सदन में अत्यधिक व्यवधान के कारण अपराह्न 6.20 बजे कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित की जाकर, 6.37 बजे पुनः समवेत हुई.

कांग्रेस पक्ष के सदस्यगण द्वारा गर्भगृह में आकर नारेबाजी करने के कारण व्यवधान उत्पन्न हुआ. अध्यक्ष महोदय द्वारा स्थगन प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री का उत्तर कल दिनांक 3 जुलाई, 2014 को जारी रखने संबंधी घोषणा की गई.

सदन की कार्यवाही में कांग्रेस पक्ष के सदस्यगण द्वारा अत्यधिक व्यवधान एवं शोरगुल के कारण, अपरान्ह 6.42 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 3 जुलाई, 2014, (12 आषाढ़, शक सम्वत् 1936) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**भगवानदेव ईसरानी,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल:**
**दिनांक: 2 जुलाई, 2014**